प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः–563 /तेरह–आ0प्र0प्राधि0/2020–21 दिनांक 28 अक्टूबर, 2022

**विषयः–** **गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है। इसी क्रम में वन विभाग के दल से दिनांक 17.10.2022 एवं दिनांक 18.10.2022 को उक्त भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करवाया गया है।

उक्त निरीक्षण दल/क्षेत्रीय वनाधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी की संलग्न दिनांक 19.10.2022 की स्थलीय निरीक्षण आख्या के द्वारा अवगत कराया गया है कि भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं है, नदी अपने पुराने बहान में बह रही है, नदी के वहान में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं है न किसी प्रकार की अन्य नई गतिविधि क्षेत्र में पाई गयी है।

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

<u>संलग्न–यथोपरि</u>

भवदीय,
28/x/22

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

<u>प्रतिलिपिः–</u> अधिशासी निदेशक, राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड, देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CamScanner

# कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि।

Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com


पत्रांक : 577/ 1-13 कोटबंगला, दिनांक 19.10.2022

सेवा में,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

विषय :– **गौमुख क्षेत्र भ्रमण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन कराना है गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत मेरे नेतृत्व में दिनांक 17.10.2022 एवं 18.10.2022 को वन कर्मियों की एक टीम गौमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान देखने में आया है कि गौमुख से भागीरथी नदी का जल प्रवाह पूर्वत दिशा एवं स्थिति में अपने बहाव में निरन्तर बह रही है। नदी के बहाव में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नही है ओर ना ही गौमुख क्षेत्र में कोई भौगोलिक परिवर्तन देखने में आया है।

अतः सूचना प्रेषित।

दिनांक 19.10.2022

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री राजि।

CamScanner